हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 17 जून 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी धूमधाम से मनाई



14 तेज गर्मी से झुलसी खेतों में लगी सब्जियां



फाइन वैरायटी के बीज सोसाइटियों में उपलब्ध नहीं

# बीज खरीदी में कट रही किसानों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सोसाइटियों में बीज के नाम पर कुछ ही वैरायटी के धान बीज उपलब्ध हैं। बाकी वैरायटी के धान बीज की खरीदी में किसानों की जेब कट रही है। यही नहीं कोदो-कुटकी-रागी के बीज भी नहीं है, जिससे मिलेट्स मिशन को झटका लग रहा है।

धमतरी धान की खेती के लिए मशहूर है। खरीफ सीजन में यहां पर साढ़े तीन लाख एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में खेती होती है। विडंबना यह है कि खेती के शुरूआती दौर में ही बीज खरीदी में किसानों की जेब कट रही है। सोसाइटियों में किसानों को सस्ते दाम पर बीज मिलता है, लेकिन इन सोसाइटियों में मात्र कुछ ही वैरायटी के धान उपलब्ध हैं। सांभा, गोल्डन सांभा, ओमश्री सहित अन्य प्रकार के धान इन सोसाइटियों में उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते किसानों को खुले बाजार से इन वैरायटी के धान के बीजों का खरीदना पड़ रहा है, जहां पर उनकी जेब कट रही है। किसानों ने बताया कि पहले सांभा धान का बीज सोसाइटियों में आता था, लेकिन पिछले कुछ साल से इस वैरायटी का धान बीज नहीं आ रहा है।



### मिलेट्स मिशन को झटका

पोषण आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स मिशन चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों को रागी, कोदो, कुटकी जैसे लघु धान्य की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विडंबना यह है कि सोसाइटियों में इनके बीज भी उपलब्ध नहीं है। किसान चाहकर भी लघुधान्य की खेती नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि लघुधान्य फसल के बीज बाजार में भी नहीं मिल रहे हैं।

### उत्पादन पर जोर

किसान महेश मेश्राम, भोजराम साहू ने बताया कि सोसाइटियों में जो बीज उपलब्ध हैं वे ज्यादा उत्पादन देने वाले हैं। खाद की खपत भी इन वैरायटियों में ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि 100 में से 80 किसान अपने घर में खाने के लिए फाइन वैरायटी के धान लगाते हैं। सोसाइटियों में फाइन वैरायटी के धान नहीं मिलने पर वे कृषि केंद्रों से धान के बीज खरीद रहे हैं। कृषि केंद्रों में इन बीजों की कीमत दो से ढाई गुना ज्यादा है, जिसके चलते किसानों की जेब खाली हो रही है।

### ये बीज उपलब्ध

सोसाइटियों में एमटीयू 1010, एमटीयू 1001, स्वर्णा, महामाया, आईआर 64 किस्म के धान बीज उपलब्ध हैं। सांभा, गोल्डन सांभा, श्रीराम, ओमश्री जैसे फाइन वैरायटी के बीज नहीं हैं। जानकारी के अनुसार अब तक सोसाइटियों में 10440 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। इसमें से 6460 क्विंटल बीज का वितरण हो चुका है। 3980 क्विंटल बीज बचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### देवांगन समाज का करियर गाइडेंस, विद्यारंभ संस्कार आज

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज द्वारा करियर गाइडेंस, विद्यारंभ संस्कार एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम 17 जून को देवांगन धर्मशाला में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मोटिवेशनल स्पीकर आशीष देवांगन संयुक्त कलेक्टर, व्यंकटेश देवांगन, चेतन देवांगन होंगे। गायत्री परिवार द्वारा पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों को वैदिक पद्धति से विद्यारंभ संस्कार कराया जायेगा। पुरानी पुस्तकों का संग्रहण कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, संरक्षक भागवत देवांगन, सचिव टीकम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजकुमार देवांगन, उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, विशेष सलाहकार टीकाराम देवांगन जुटे हैं।

### वेदमाता गायत्री जयंती महोत्सव आज

**धमतरी।** वेदमाता गायत्री जयंती समारोह किले के श्री हनुमान मदिर गायत्री संस्कृत पाठशाला इतवारी बाजार धमतरी में आज सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया गया है। गायत्री माता की विशेष पूजा आराधना, सहस्त्र पाठ वैदिक विद्वानों के सानिध्य में होगा। आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने बताया कि हनुमान प्रसाद ब्रम्हचारी ने गायत्री संस्कृत पाठशाला की स्थापना 1950 में की थी। माता गायत्री माता की मूर्ति स्थापना 1965 में वैदिक सनातन परम्परा से हुई । उन्होंने दुर्लभ्य सिद्धि दायक गायत्री पुनश्वरण आराधना द्वारा 24 लाख गायत्री महामंत्र का जाप किया गया था जिससे मंदिर की रिद्धि सिद्धि द्वारा आध्यात्मिक उत्कर्ष सुलभ हुआ। ट्रस्ट के सचिव विपिन पवार ने श्रद्धालुओं से गायत्री माता का श्रद्धापूर्वक जाप कर अभिषेक पूजा आरती में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।

### आयशर पेड़ से टकराया चालक बाल-बाल बचा



**नगरी।** ओडिशा से नीलगिरी लकड़ी लेकर जा रहा आयशर सीजी 04 डब्ल्यू 1339 ड्राइवर की लापरवाही से धमतरी रोड दुगली के आगे एक पेड़ से टकरा गया। इस घटना में चालक बाल बाल बचा। ड्राइवर चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया।

# जिले में आज से बारिश की गतिविधियां होंगी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

- आसमान पर बादल छाने से उमस बढ़ी

आज से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना है। आने वाले तीन दिनों में प्रदेश के मध्य एवं दक्षिण भाग में 2 से 3 डिग्री तापमान गिर सकता है। फिलहाल लोग उमस भरी गर्मी से बेचैन हैं। लोगों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है।

प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने का निर्धारित समय 15 जून को माना जाता है। इस साल केरल में मानसून निर्धारित समय से दो दिन पहले पहुंचने से उम्मीद थी कि छत्तीसगढ़ में 13 जून तक मानसून सक्रिय हो जाएगा, लेकिन मानसून की चाल सुस्त पड़ने से एक सप्ताह से दक्षिण छग में ही मानसून अटका हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने 17 जून से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना व्यक्त की है। पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम बिहार से उप हिमालयी पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए मेघालय तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है।

### उमस ने किया लोगों को बेचैन

पिछले कुछ दिनों से आसमान पर आंशिक बादल छाये हुए हैं। रविवार को सुबह से बादल छाये रहने से अधिकतम तापमान 39 डिग्री पर आ गया लेकिन उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। लोगों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है। 17 जून को आकाश के आंशिक मेघमय रहने के साथ अंधड़ चलने और बारिश होने की संभावना है। न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान 39 तथा 28 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम विज्ञान विभाग लगातार गरज-चमक के साथ अंधड़ और वज्रपात की चेतावनी समय तथा स्थान के साथ जारी कर रहा है।

देमार, अर्जुनी, खपरी के आसपास बढ़ी घटनाएं

# घर, ब्यारा, गोदाम पर चोरों की नजर, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

देमार, तेलीनसत्ती, अर्जुनी, खपरी सहित कई गांव अवांछित तत्व, चोर, उठाईगिर के निशाने पर हैं। इन गांवों में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। मोटरपंपों में चोरी के बाद अब चोर बस्ती में घुसने लगे हैं। इन गांवों के अतिरिक्त अन्य कई गांव खेतों के जरिए एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। खेतों के रास्ते आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसी का लाभ उठाते हुए अवांछित तत्वों ने इन गांवों को कॉरिडोर बना लिया है। लगातार इन गांवों से चोरी, ठगी, उठाईगिरी के मामले सामने आ रहे हैं।

पांच दिन पहले तो बाहर के लोगों ने देमार में ठगी की घटना को अंजाम दिया। बर्तन बेचने के नाम पर महिला व पुरूषों ने कई घरों से जेवर चमकाने के नाम पर जेवरों को पार कर दिया। इस घटना के बाद रात में बिजली गुल होने और घरों के दरवाजों को जोर-जोर से खटखटाने की शिकायत मिली है। नारायण पटेल, सुरेश साहू ने बताया कि यह घटना लगातार दो दिन तक हुई, परंतु अलग-अलग घरों में। डर के कारण किसी ने दरवाजा नहीं खोला।

**केस 1**

कुछ दिन पहले देमार में बर्तन बेचने वाले पहुंचे थे। जेवर चमकाने का झांसा देकर प्रभु साहू, शीतल पटेल, जगेशर साहू सहित कई लोगों के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। कई ग्रामीण रतजगा भी कर रहे हैं।

**केस 2**

देमार में ही तीन दिन पहले रात 12 बजे लाइट चली गई। इसके बाद अज्ञात लोगों ने कई घरों का दरवाजा जोर-जोर से खटखटाया। नारायण पटेल, सुरेश साहू ने बताया कि उनके अतिरिक्त अन्य कई घरों में दरवाजा जोर-जोर से खटखटाया गया।

**केस 3**

ग्राम खपरी की नवनिर्मित मिनी राइस मिल में रखे किसान युवराज शर्मा के धान को अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। यही नहीं मिल में रखे केबल वायर, लोहे की सामग्री आदि को चोरों ने पार कर दिया। गांव में कई घरों से धान की चोरी की शिकायत मिली है।

### घरों से पार हो रहा धान

ग्राम खपरी सहित आसपास के गांवों में पहले तो मोटरपंपों से केबल वायर चोरी की शिकायत मिल रही थी। अब चोर बस्तियों में घुस रहे हैं और घर, ब्यारा सहित अन्य स्थानों में रखे धान पर हाथ साफ कर रहे हैं। युवराज शर्मा, सतीश साहू सहित कई लोगों का धान चोरी हो गया है। युवराज शर्मा की नवनिर्मित मिनी राइस मिल से चोरों ने धान सहित कई सामान को पार कर दिया है।

### सहकारी कर्मचारी रायपुर में 18 को धरना देंगे

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर 18 जून को सुबह 11 बजे नया रायपुर तूता में लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन, महारैली का आयोजन किया गया है। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश शासन की भांति छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रबंधकीय अनुदान राशि लेने, धान खरीदी में सूखत आदि का प्रावधान करने, जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के खाली रिक्त पदों पर समिति कर्मचारियों की भर्ती करने एवं सेवा नियम 2018 में संशोधन कर वेतनमान में बढ़ोतरी शामिल है।

# कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया 18 से 1 जुलाई से लगेंगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

- 26 जून तक कॉलेज में मेरिट लिस्ट चस्पा की जाएगी : प्राचार्य

विश्वविद्यायल के दिशा-निर्देश पर कालेजों में एडमिशन प्रक्रिया 18 जून से प्रारंभ हो जाएगी। बेवपोर्टल भी इसी दिन खुलेंगे जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

पीजी कालेज की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने बताया कि 18 जून से प्रवेश लेने की प्रक्रिया प्रारंभ करने कालेज में तैयारी शुरू हो गई है। आनलाइन आवेदन के बाद आफलाइन हार्डकापी जमा करने काउंटर बनाया गया है। वेरीफिकेशन के बाद 26 जून तक मेरिट लिस्ट चस्पा हो जाएगी। इसके बाद एडमिशन और 1 जुलाई से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। एडमिशन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी।



### कालेजों में बढ़ेगी भीड़

जिले के सभी 9 कालेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरु होते ही भीड़ बढ़ेगी। रेग्युलर सीट पाने सभी बच्चे आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी जमा करने कालेज पहुंचेंगे। ऐसी स्थिति में कालेज प्रबंधन को व्यवस्था बनाने मेहनत करनी होगी। ज्ञात हो कि इस वर्ष 12वीं में 8 हजार से अधिक ऐसे छात्र छात्राएं हैं जो अच्छे अंकों से पास हुए हैं। ये सभी आवेदन प्रेषित करेंगे। जिले के सभी 9 कालेज में सीटों की संख्या 4 हजार के आसपास हैं। प्रवेश लेने वालों की संख्या दोगुनी होने से परेशानी बढ़ेगी।

### पीजी कालेज में सभी संकाय

धमतरी स्थित बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कालेज जिले का सबसे बड़ा कालेज है। यहां स्नातक और स्नातकोत्तर लेवल के सभी संकाय हैं। शिक्षकों की बात करें तो सभी विषयों के विशेषज्ञ डाक्टरेट प्रोफेसर की पदस्थापना है। लाजिमी है कि इस कालेज में सुविधाएं होने की वजह से यहां एडमिशन लेने छात्र-छात्राओं में होड़ रहेगी। स्नातक स्तर की बात करें तो बीए, बीकाम, बीएससी बायो, बीएससी गणित, बीएससी आईटी, बीएससी गृहविज्ञान, बीकाम आईटी, बीसीए, डीसीए सहित विधि की कक्षाएं संचालित होती हैं। इसी तरह पीजी के सभी संकाय खुलने से छात्र-छात्राएं कालेज की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 470 वाहन चालकों से 204400 रुपये जुर्माना वसूला

- यातायात नियमों का पालन कराने वाहन चालकों को दी जा रही समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी





यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 470 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 204400 रूपये जुर्माना वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उपपुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में धमतरी यातायात पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, सुगम एवं सुरक्षित यातायात संचालित करने के लिए नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रही है। अभियान के अनुक्रम में 1 जून से 15 जून तक 470 वाहन चालकों से मोटरयान अधिनियम के विभिन्न धाराओं तेजगति, नो पार्किंग, गलत दिशा, सिग्नल जंप, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, बिना नंबर, मालयान में सवारी, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन खड़े करना, बिना लायसेंस, ब्लैक फिल्म, आदि का उल्लंघन करते पाये जाने पर 204400 रूपये परिसमन शुल्क वसूल किया गया। इसी तरह शराब सेवन, ओवरलोडिंग एवं मोडिफाईड सायलेंसर लगाकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध माननीय न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा कमशः 15000-, 26500 एवं 12000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

यातायात पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के कर्मचारियों द्वारा चौक-चौराहों एवं आम रास्तों में बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट के चलने वाले वाहन चालकों को हेलमेट, सीटबेल्ट की उपयोगिता, तीन सवारी, मालयान में सवारी, ओवरस्पीड से चलने से होने वाले दुर्घटना क्षति, बिना लायसेंस, बिना बीमा के वाहन चलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में बताकर यातायात नियमों का पालन किये जाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। शहर में शाम के समय यातायात का दबाव अधिक रहता है। अत्यधिक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर नियमित पैदल पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्थित किया जा रहा है। फुटकर व्यवसायियों, स्थायी दुकानदारों को मार्ग में बने सफेद पट्टी के अंदर ही अपने एवं ग्राहकों के वाहन को रखवाने, मार्ग में रखे विज्ञापन बोर्ड को दुकान के अंदर रखने की समझाइश दी गई।

महानदी परियोजना के बांधों की हालत खराब, बारिश का बेसब्री से इंतजार

# गंगरेल बांध में उपयोगी पानी मात्र डेढ़ टीएमसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बांध गंगरेल की हालत नाजुक हो गई है। 27 टीएमसी उपयोगी पानी की क्षमता रखने वाले इस बांध में महज डेढ़ टीएमसी उपयोगी पानी बचा है। बांध की हालत बदतर होने के बाद भी यहां इतना पानी है कि दो माह तक रायपुर तथा धमतरी सिटी की प्यास बुझाई जा सकती है। फिलहाल परियोजना के सभी चारों बांधों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है।

धमतरी सहित आसपास के जिलों को समृद्ध बनाने वाले गंगरेल बांध की हालत नाजुक हो गई है। इस बांध में जलभराव की क्षमता 32.15 टीएमसी है। इसमें से 5.071 टीएमसी पानी डेड स्टोरेज में आता है। यानी गंगरेल में उपयोगी पानी रविवार की स्थिति में 1.787 टीमएसी है। बांध में उपयोगी पानी महज 6 फीसदी शेष है। गंगरेल से 232 क्यूसेक पानी रायपुर तथा धमतरी सिटी के लिए दिया जा रहा है। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जून से 15 जून तक रायपुर तथा धमतरी सिटी को पेयजल के लिए 0.340 टीएमसी पानी दिया गया है। बांध की हालत नाजुक होने के बावजूद यहां इतना पानी है कि दो माह तक रायपुर, धमतरी शहर की प्यास बुझाई जा सकती है। रविवार को गंगरेल पहुंचे पर्यटक सागर साहू, अमरेश साहू, गोलू पटेल ने बताया कि पहली बार गंगरेल बांध को सूखे की हालत में देखा है। अंगारमोती मंदिर के पास से करीब 250 से 300 मीटर चलने के बाद बांध के पानी तक पहुंचा जा सकता है। बांध को गौर से देखने के बाद पता चलता है कि डैम बनने से पहले महानदी का बहाव कैसा था। पानी के लबालब रहने से बांध का नजारा खूबसूरत हो जाता है।



### सोंढूर, दुधावा में गंगरेल से ज्यादा पानी

दुधावा बांध में जलभराव की क्षमता 10.032 टीएमसी है। यहां उपयोगी पानी 1.472 टीएमसी है। यहां से 90 क्यूसेक पानी नहर के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। सोंढूर बांध में उपयोगी जलभराव की क्षमता 6.342 टीएमसी है। रविवार को यहां .667 टीएमसी पानी का स्टाक दर्ज किया गया है। सोंढूर से दुधावा बांध के लिए 60 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। सोंढूर तथा दुधावा बांध में करीब 2 टीएमसी पानी मौजूद है।

# कार की ठोकर से बाइक चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

रूद्री रोड स्थित अमलतासपुरम के पास रविवार को एक बार फिर कार और बाइक की टक्कर हुई है। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को ग्राम भटगांव निवासी रूद्रकुमार साहू 50 वर्ष सब्जी खरीदने इतवारी बाजार अपनी बाइक से जा रहा था। अमलतासपुरम के पास कार ने बाइक को ठोकर मार दी जिससे रूद्रकुमार घायल हो गया। सूचना मिलते ही रक्तदान ग्रुप सेवा संस्था ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग में पेट्रोल पंप, सुमीत बाजार, अमलतासपुरम कालोनी के पास अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। पुलिस विभाग ने पेट्रोल पंप के पास स्टॉपर लगाकर वाहनों की स्पीड पर लगाम लगाई है फिर भी दुर्घटना रूकने का नाम नहीं ले रही है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम मचिगांव थानां केमूर बिहार निवासी 55 वर्षीय अखिलेश्वर पांण्डे पिता अश्वनी का रायपुर अस्पताल मे 27 मार्च को करीबन ढ़ाई बजे ईलाज के दौरान मौत हो गया। रायपुर पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना में पेश करने असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### बेकाबू बाइक पुल से टकराई चालक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 166 रवींद्रपल्ली निवासी 34 वर्षीय जयंत कुमार दास पिता नारायण चन्द्र दास की विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मर्ग की विवेचना के उपरांत पुलिस ने मामला दर्ज किया है। विवेचना के दौरान पुलिस को मृतक के बड़े भाई ने बताया कि मृतक छोटा भाई मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एसी 2764 काला नीला रंग की पल्सर में निजी काम से जा रहा हूं, बोलकर घर से 14 जनवरी को देर शाम निकला था और उस दिन घर नहीं आया। मुझे 15 जनवरी को सुबह जानकारी मिली कि मेरे छोटे भाई की पीव्ही 78 से छोटेबेठिया की ओर जाने वाली मेन रोड हनुमान टेकरी के पास बेलगाल में पुलिया के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है और मोटर सायकल क्षतिग्रस्त अवस्था में पुलिया के नीचे पड़ी है। मैं और परिवार वालों व रिश्तेदारों के साथ बेलगाल पुलिया के पास पहुंचकर देखे तो शव मेरे छोटे भाई का था।

## निधन

### चंद्रशेखर राव डुकरे



**धमतरी।** स्थानीय मराठापारा निवासी चंद्रशेखर राव डुकरे 64 वर्ष का अस्वस्थता के चलते शुक्रवार की रात 11 बजे निधन हो गया। वे प्रणव डुकरे, गौरी डुकरे के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि शनिवार को शांतिघाट में की गई। परिवारजन, समाजजन एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### किसान हितैषी मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# नकली खाद, बीज, दवाई पर प्रतिबंध लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

- भारतीय किसान संघ कुरूद ब्लॉक का गठन

भारतीय किसान संघ कुरूद ब्लाक के लिए अगले 3 वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। 46 गांव से ग्रामीण कृषक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष लाला राम चंद्राकर, उपाध्यक्ष सिंधु बैस पूर्णिमा साहू, जिला मंत्री दुलार डॉक्टर, कपिल पटेल, शत्रुघन साहू की उपस्थिति में संघ का गठन किया गया।




ब्लॉक अध्यक्ष हिमेंद्र साहू ग्राम परखंदा, सचिव अनिल चंद्राकर उमरदा, उपाध्यक्ष लखन साहू भैंसमुडी, रमन साहू गाड़ाडीह, डोमन साहू बगौद, कोषाध्यक्ष अशोक साहू, सहसचिव ओंकार चंद्राकर, महिला प्रमुख श्रीमती दुर्गा साहू भैंसमुंडी बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में राधेलाल साहू, प्रचार प्रमुख सेवकराम साहू गोबरा, रामेश्वरसिंह कुरूद, अश्वनी उमरदा, धनेंद्र हथबंद, चूड़ामणि चंद्राकर, विधि प्रकोष्ठ संतराम साहू गोबरा, खिलावन चंद्राकर, ठाकुरराम साहू, देवेंद्र साहू, राम ध्रुव, गुहनराम साहू, भूषण साहू भाठागांव, राकेश पटेल, टेकराम चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, जगदीश चंद्राकर, भूखन, प्रेमलाल शामिल हैं।

इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को कई समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें नकली खाद, बीज, दवाई पर प्रतिबंध लगाने। राजस्व संबंधी छोटे-छोटे मामले को समय पर पूर्ण करना। पटवारी को उनके हलके पर सुनिश्चित समय पर बैठना। मगरलोड तेंदूभाटा डायवर्सन बांध से नाली सफाई व पक्की नाली निर्माण कार्य के लिए समाधान करना। जिले के संपूर्ण नागरिकों के लिए टोल टैक्स से फ्री रखने या मासिक टैक्स में प्रतिदिन के हिसाब से टैक्स नाममात्र का हो। आगे बताया कि यह कृषि प्रधान क्षेत्र है जहां किसानों का आना-जाना लगा रहता है।

### बोरवेल तक नहीं पहुंची बिजली, किसान परेशान

**नगरी।** वर्तमान में मौसम की मार सभी पर पड़ रही है। बिना पानी के किसानों का जीवन शून्य हो चुका है। इससे ग्राम गोरेगांव के किसान भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम के किसानों ने स्वयं के खर्च पर अपने-अपने खेतों में बोरवेल करा लिए हैं परन्तु बोरवेल तक बिजली नहीं पहुंची है। गोरेगांव के कृषक लेखराज साहू ने बताया कि एक ट्रांसफर से 10-15 किसानों के बोरवेल में बिजली का कनेक्शन पहुंचता है जो लम्बे अंतराल तक बंद पड़ा हुआ है एवं बकायदा बिजली बिल आ रहा है। बिजली विभाग के मुख्य अधिकारी एवं लाइनमेन से भी अनेक बार सम्पर्क होने के बावजूद भी बोरवेल तक बिजली नहीं पहुंचना हैरान करने वाली बात है। किसान थरहा डालने के लिए अपने बोरवेल तक बिजली पहुंचने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अन्य ग्रामों के कृषक जिनके पास बोरवेल हैं, उनका थरहा 2-3 इंच का हो गया है। किसान बिना बिजली के किसानी कार्य में पिछड़ रहे हैं। किसानों ने बोरवेल तक बिजली पहुंचाने की मांग विभाग से की है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी ने कहा कि इस पर जल्द से जल्द सुधार किया जायेगा।

# बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता को दी मुखाग्नि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

कहते हैं कि मां बाप की अंतिम यात्रा उनके बेटों के मजबूत कंधों के सहारे ही मुक्तिधाम तक पहुंचती है लेकिन आज बेटियां भी इस यात्रा में सहारा ही नहीं अपितु अपने पिता को अंतिम विदाई देने मुखाग्नि के रूप में चिता को अग्नि देने का काम भी कर रही हैं। यह क्रम अब इस पुरुष प्रधान समाज में स्वीकार्य भी हो चुका है। कुछ इसी प्रकार का हृदय विदारक दृश्य ग्राम भाठागांव में देखने को मिला। प्रतिष्ठित मनोज साहू के आकस्मिक निधन पर उनकी नवविवाहित बेटियों श्रीमती मुस्कान साहू, श्रीमती निधि साहू ने मायका पहुंच अपने पिता के अंतिम संस्कार में मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज निभाया। मौके पर खिलेश साहू, भूपेंद्र साहू, गजेन्द्र साहू, विश्वनाथ साहू, संरक्षक दरबा परिक्षेत्र पारस साहू, दिनेश साहू, महेंद्र साहू ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष, दयासागर साहू उपाध्यक्ष दिनेश साहू सहित गांव के गणमान्य जन उपस्थित थे।

### ब्रम्हाकुमारीज संस्थान ने गढ़डोंगरी में मनाया महिला सशक्तिकरण दिवस

# स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व : बीके साधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय बेलरगांव के तत्वाधान में ग्राम-गढ़डोंगरी में महिला सशक्तिकरण (महिलाओं के सर्वांगीण विकास में राजयोग की भूमिका) पर ज्ञान चर्चा का आयोजन हुआ जिसमें 23 पंचायत से महिला समूहों की उपस्थिति रही। बीके साधना, बीके दीपिका, बीके ईश्वर उपस्थित थे।

ज्ञान चर्चा के दौरान बीके साधना ने कहा कि स्वयं की उन्नति के लिए महिलाएं को आत्मनिर्भर होकर कार्य करने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि आदि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकारी योजनाएं भारत सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैं। सरकार ने मंत्रालयों और विभागों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वर्तमान में स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सु-अवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है। आज हमारे पास साधनों की कमी नहीं है कमी है तो बस मनोबल की और इस कमी को पूरा करने के लिए हमारे सामने सहज रास्ता है राजयोग का निरंतर अभ्यास जो हमें अपनी मंजिल तक पहुंचा सकता है। बीके दीपिका ने कहा कि नारी आज हर क्षेत्र में आगे हो रही है।

# भखारा-सिलघट सड़क एक ही साल में उखड़ गई

- हिचकोले खाते आवागमन करना ग्रामीणों की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

तहसील मुख्यालय भखारा से दुर्ग जिला को जोड़ने वाली सड़क देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क की जर्जर अवस्था के कारण चालक सुपेला होकर सिलघट जाना पसंद कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि छह वर्ष पूर्व भखारा-सिलघट मार्ग लंबाई 6 किलोमीटर लागत 857.9 लाख से नई सड़क का निर्माण किया गया



था। गुणवत्ताहीन होने के कारण सड़क एक वर्ष में ही उखड़ने लगी थी। ठेकेदार की मेहरबानी से पूरे 5 वर्ष तक टिप्पेदार सड़क पर हिचकोले खाते वाहनों का आवागमन जारी रहा। भ्रष्टाचार छुपाने के लिए सड़क के प्रवेश द्वार में दोनों ओर मोटे-मोटे खंभे गड़ा दिए गए। ठेके की मियाद खत्म होते ही खंभे उखाड़ दिए गए। बहरहाल लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण भखारा-सिलघट मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरने की स्थिति में चलना दूभर हो जाएगा। ग्रामीणों ने इस सड़क की रिपेयरिंग तथा नए सिरे से डामरीकरण कराने की मांग की है।

# बालका नदी में रेलिंग नहीं, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरगांव और घटुला के बीच बालका नदी बहती है। विडंबना है कि बालका नदी पुल पर किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं है। रेलिंग नहीं लगी है। पुल पर रेलिंग नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह सांकरा से कांकेर बोराई सिहावा जोड़ने वाला मार्ग है। कार, मोटरसाइकिल अन्य वाहनों का इस मार्ग में आवागमन अधिक रहता है। पुल के आसपास लाइट ही नहीं है। रात्रि में अंधेरा होने से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीने पहले सांकरा से फरसियां मार्ग पर तीन व्यक्ति की पुल के नीचे गिरने से मौत हो चुकी है। उसके उसके बाद भी इस ओर विभाग अधिकारी



द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुल के नीचे रिपेयरिंग कार्य करने के बाद पत्थर पड़ा हुआ है। अगर नीचे जो भी व्यक्ति गिरेगा उसे गंभीर चोट आएगी। इस संबंध में विभागीय अधिकारी एसडीओ नगरी एमपी डड़सेना ने बताया कि जल्द ही पुल में रेलिंग बनाई जायेगी।

# सांकरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

रविवार को ग्रामीण साहू समाज द्वारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र थी। अध्यक्षता पवन साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सांकरा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, कंवलराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी, श्रीमती सुलोचना साहू सभापति जनपद पंचायत नगरी, शशि ध्रुव सरपंच





सांकरा, पारस साहू उपसरपंच, जन्मेजय साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सांकरा, साधु राम साहू संरक्षक, कृष्ण कुमार कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी, भूषण लाल साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, सचिन भंसाली महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, हेमलाल साहू थे।

# प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की हुई प्रांतीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में हुई। जिला अध्यक्ष शेखरचंद्र ठाकुर ने बताया कि बैठक में संघ की मुख्य मांग संवैधानिक अधिकार नियुक्ति तिथि 1998 से पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई।



मांगों को लेकर सभी ब्लॉक एवं ज़िलों के जनप्रतिनिधियों, विधायकों, सासदों को ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष नारायण सोनी, देशनाथ पाण्डे, दिनेश सिंह, नवीन चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर, हज़रत अली, यदुवेंद्र कुशवाह, गौरी शर्मा, रुद्रनारायण चंद्रवंशी, रामजी मामड़ीकर, राजेंद्र नेताम, संदीप नेताम सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### निकटतम प्रतिद्वंदी टेकराम को पांच वोट से हराया

# बेलरगांव के अमरसिंह ग्राम पटेल चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम बेलरगांव में ग्राम पटेल का पद 3 साल से खाली था। इस पद के लिए गांव के दो किसान अमर सिंह पटेल और टेकराम पटेल ने तहसील ऑफिस में फार्म जमा किया था। इसके बाद तहसीलदार ने आदेश किया कि ग्राम सभा के माध्यम से दोनों प्रत्याशी के लिए मत मांगा जाए जिसमें दोनों प्रत्याशी नहीं माना। 6 महीने के बाद चुनाव की प्रक्रिया आई। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने प्रचार प्रचार कर मतदान करने की अपील की। शनिवार को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक माध्यमिक हाई स्कूल बेलरगांव में मतदान हुआ। सभी किसानों ने मतदाता सुबह 8 बजे हाई स्कूल पहुंचकर मतदान किया गया। कुछ किसानों का कहना था कि बड़े



गांव होने के कारण दो मतदान केंद्र होना था। इससे लंबे समय तक लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। तहसीलदार के निर्देशानुसार आरआई को पीठासीन अधिकारी बनाया गया। पटवारी एवं कोटवारों की इस चुनाव में ड्यूटी में लगाई गई। शांति व्यवस्था के लिए सिहावा पुलिस के जवान भी तैनात थे। कुल किसान मतदाता 856 हैं जिसमें से 448 ने ही मतदान किया। 218 वोट अमरसिंह पटेल को मिले और 213 वोट टेकराम पटेल को प्राप्त हुए और 17 वोट रिजेक्ट हो गए। इसी प्रकार पांच वोटों से अमरसिंह विजयी रहे।

विजय की घोषणा होते ही किसानों एवं ग्रामवासियों ने ग्राम पटेल प्रत्याशी अमरसिंह पटेल का गुलाल वंदन से स्वागत किया। कृषि एवं ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लीलाम्बर सिंह साहू, कैलाशनाथ प्रजापति, शेखर आडिल, उमेश साहू, नोमलाल देवांगन, अनिल साहू ने अपने उद्बोधन में सभी को एक साथ लेकर चलने और गांव को संगठित रखने की बात कही। ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल ने कहा कि आप सभी ने मुझे सेवा करने का अवसर दिया है। कोई भी समस्या है, मुझे बता सकते हैं। हम सभी मिलकर गांव के लिए काम करेंगे।

मौके पर मुख्य किसान चमरू राम साहू, गिरधारी लाल देवांगन, भानुराम नेताम, भूषण भारती, मेधूराम नेताम, बंशीलाल यादव, भोलाराम बंजारे, आसकरण पटेल, मोहनलाल सार्वा, रामलाल पटेल, गैंदलाल देवांगन, नारद देवागन, जीतू प्रजापति, गैंदालाल साहू, चैन मरकाम, सतीश देवांगन, सुरेश प्रजापति, जगेन प्रजापति, पीला साहू, पतिराम साहू समेत अन्य मौजूद थे।

Pride of Dhamtari

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 07 जून 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist, 15 जून 2024 शनिवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय राजमार्ग में कामानार से कांगेर वैली तक पेड़ों में बच्चों ने बनाए चित्र

**जगदलपुर ।** दरभा ब्लॉक के कामानार में चेतना चाईल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा 15 दिन का समर कैंप का आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने हिस्सा लेकर धमाल मचाया और मजे लिए। बच्चों को कैंप में किताबी पढ़ाई से हटकर कुछ नया सीखने को मिला। कैंप में नजदीकी गांव मंगनार, नेगानार और लेंड्रा के बच्चे शामिल हुए। लगभग 160 से अधिक विद्यार्थी कैंप का हिस्सा बने। बच्चों के लिए गर्मी छुट्टी का उपयोग करने कई गतिविधियों की व्यवस्था की गई थी जो उनकी रुचियों के अनुकूल थी। समर कैंप में बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र पेड़ों में पेंटिंग करना रहा जिसमें बच्चों ने कामानार से कांगेर वैली के मुख्य द्वार तक एनएच 30 के सभी पेड़ों में अलग-अलग पेंटिंग के माध्यम से चित्रकला बनाई। कोआर्डिनेटर हेमवती कश्यप और मंगली नाग ने बताया गया कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए समर कैंप में गतिविधि की गई। पेड़ो में पेंटिंग करने का उद्देश्य यह रहा है कि पेड़ों में अक्सर कीड़े किसी भी पेड़ को अंदर से खोखला कर देते है, लेकिन पेंट करने की वजह से कीड़े नहीं लगते है। पेड़ों को पेंट करने से उन्हें सुरक्षा मिलती है जिसकी वजह से पेड़ों की उम्र बढ़ जाती है। इसके साथ ही बच्चों को बताया गया कि जंगल से गुजरते वक्त कई वाहन रात में भी चलते है और उनको पेड़ नहीं दिखते है। जब वाहनों के रोशनी इन पेड़ पर पड़ती है तो वह जोर से चमकती है जिससे अंदाजा लग जाता है कि सामने पेड़ है।

### आनलाइन काम करने से इनकार, स्वास्थ्य अधिकारी कल से हड़ताल पर

**कांकेर।** जिलेभर के उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को विगत आठ माह से इंसेटिव नहीं मिलने से प्रदेश संगठन के आव्हान पर 18 जून से तीन दिवसीय आनलाईन कार्य नहीं करने का ऐलान किया है और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया है। तीन दिन के बाद भी सरकार के द्वारा समस्या को संज्ञान में नहीं लेने पर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। छग प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने बताया कि विगत आठ माह से पीएलपी भुगतान नहीं किए जाने से स्वास्थ्य अधिकारियों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। पीएलपी भुगतान नहीं होने की जानकारी प्रदेश संघ के द्वारा समय- समय पर अपर मुख्य सचिव, लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं आयुक्त स्वास्थ्य सेवा को पत्रो के माध्यम से अवगत कराया गया है। संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से मिलने का अथक प्रयास किया गया परंतु संघ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यो के द्वारा घंटो का इंतजार करने के बावजूद चर्चा के लिए समय प्रदान नहीं किया गया और न ही किसी भी प्रकार से लिखित जानकारी प्रदाय किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रदाय किए जाने वाली कार्य अधारित वेतन उनके मूल वेतन का ही अभिन्न अंग है, जिसको प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करने का शासन द्वारा आदेशित है, जिसको उनके द्वारा 20 बिंदु के कार्यों के आधार पर भुगतान किया जाना निर्धारित है। इस कार्य के लिए मिशन संचालक कार्यालय द्वारा आनलाईन पीएलपी पोर्टल का निर्माण भी किया गया है, परन्तु शासन के निर्देश होने के बावजूद भी आज तक कई महीनो के पीएलपी भुगतान से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को वंचित रखा गया है, जिससे उनको मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है।

### रविवार को भी जारी रहा नगरनार में धरना

जगदलपुर। जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति के आह्वान पर पिछले सप्ताह भर से नगरनार स्टील प्लांट के सामने क्षेत्रवासियों का धरना आज रविवार को भी जारी रहा। समिति के कई पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर में हैं, वहीं अन्य सदस्य नगरनार में धरने पर बैठे।

---

जलेश्वर महादेव मंदिर से निकली शोभायात्रा, हुए विभिन्न कार्यक्रम

# माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



माहेश्वरी समाज कुरूद द्वारा शनिवार को माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी धूमधाम से मनाया गया। सुबह जलेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शंकर पार्वती की झांकीमय शोभायात्रा चंडी मंदिर से मुख्य मार्ग से होते हुए थाना चौक, पुराना बाजार, सरोजिनी चौक, प्राचीन श्रीराम मंदिर, गांधी चौक होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंची। महेश जलेश्वर महादेव का अभिषेक व पूजन किया गया।

माहेश्वरी समाज द्वारा सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना चौक माहेश्वरी भवन के सामने राहगीरों को शरबत पिलाया गया। मरीजों को फल वितरण, रक्तदान, हरीश मंत्री ऑथर मोटिवेशनल स्पीच, बुजुर्ग सम्मान, प्रतिभा सम्मान समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

सुरेश चांडक अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के मुख्य आतिथ्य, नवल किशोर केला अध्यक्ष माहेश्वरी समाज कुरूद की अध्यक्षता और नीरज चांडक बेमेतरा, श्रीमती संतोषी चांडक सुकमा के विशेष आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर अतिथियों ने शिक्षा के महत्व और सामाजिक एकता पर जोर देते हुए समाजजनों से निरंतर प्रयासरत रहकर सफलता के शिकार को छूने की बात कही। अतिथियों ने शतरंज कैरम, एक मिनट, कुर्सी दौड़, लूडो आदि खेल के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनकी प्रशंसा की। देवरानी जेठानी सम्मान (संयुक्त परिवार), राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने पर हितेंद्र केला का सम्मान भी किया गया।

इस कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस की देवी देवता वेशभूषा की थीम रही जिसमें बच्चे सुसज्जित परिधानों से सजधज कर मनमोहक रूपों में मां सरस्वती, विष्णु, शंकर, कान्हा आदि भगवान का रूप धरा। रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समाज के 17 लोगों ने रक्तदान किया। इन दौरान रक्तदान करने वाले समाजजनों का बालाजी ब्लड बैंक द्वारा मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कबीर जयंती पर 22 को निकलेगी शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मानिकपुरी पनिका समाज शहर इकाई धमतरी के तत्वावधान में सदगुरू कबीर साहेब का प्राकट्य दिवस 22 जून को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक मकेश्वर वार्ड स्थित भवन में हुई। मौके पर तिलक दास अध्यक्ष, भगवान दास उपाध्यक्ष, कुमुद दास कोषाध्यक्ष, शंकरदास सचिव, जतिन दास सहसचिव , रमेश दास, वामन दास, विनय दास, आकाश दास, दिनेश दास, द्वारिका दास, संतोष दास, निर्मल दास उपस्थित थे।

# डॉ. माधुरी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबरी

पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह 15 जून को हिंदी भवन, विष्णु दिगम्बर मार्ग नई दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रथम पाली के कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ श्याम सिंह पद्मश्री, मुख्य अतिथि मीनाक्षी लेखी पूर्व विदेश मंत्री एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश सिंह शौर्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गृह मंत्रालय, डॉ संतोष खन्ना पूर्व न्यायाधीश, डॉ. राम सिंह वरिष्ठ साहित्यकार, शकुंतला कालरा वरिष्ठ साहित्यकार, चेतन आनंद कवि, पंकज शर्मा, आलोक कुमार भारत प्रमुख गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड थे।

द्वितीय पाली के कार्यक्रम अध्यक्ष बिलासा छंद महालय छ.ग. के संस्थापक, छंदाचार्य रामनाथ साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ माधुरी डड़सेना थे। ज्ञात हो कि डॉ माधुरी डड़सेना नपं भखारा ने अनुच्छेद 248-249 अनुच्छेद में संघ एवं राज्य के व्यापक व आंतरिक शक्तियों के बीच संबंधों की पद्यमय व्याख्या की गई है। गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होने पर साहित्यकारों, परिवारिक, सामाजिक जनों, मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दिल्ली में धमतरी की बेटियों ने दिखाया दम

- राष्ट्रीय ओपन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चार मेडल झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ओपन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में धमतरी जिले के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। कोच देवेंद्र यादव, टिक्की निर्मलकर ने बताया कि खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चार सिल्वर मेडल अपने नाम किये। सब जूनियर 47 किलो वर्ग में देवकी साहू ने सिल्वर मेडल, 57 किलो वर्ग में रूपाली निषाद ने सिल्वर मेडल, 84 किलो वर्ग में मुस्कान सारथी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

वहीं जूनियर वर्ग में 47 किलो वर्ग में मोनिका टेकाम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सिद्धार्थ तिवारी, लीना राजपूत, कविता ढीम, इंद्राणी, निकिता, रितेश साहू ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महापौर विजय देवांगन, क्रीड़ा भारती संघ के संरक्षक पं. राजेश शर्मा, कुश्ती संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सत्यप्रकाश मसीह, तेजा सिंग साहू, हनुमान सिंह अवार्डी, हरिनाथ, नगर निगम स्कूल के प्राचार्य केएल पटेल, व्यायाम शिक्षक गिरीश गजपाल, सत्यवान यादव, योगेश साहू, देवेश जोशी, वंदना बंजारे, रेणुका बंजारे, युवान लुंकड़, तनिष्क पटेल, संदीप राजपूत, लोकेश प्रजापति समेत नगर के पार्षदों ने हर्ष व्यक्त किया है।

इस अवसर पर पं. राजेश शर्मा ने कहा कि संघर्ष के साथ सतत परिश्रम हमें सफलता की ओर लेकर जाती है। खिलाड़ियों की भावना हमें औरों से अलग बनाती है। समाज और देश में एक अलग पहचान दिलाती है। किसी भी परिस्थिति में अपने आपको कमजोर होने नहीं देना है।

# मूर्तिकार संघ ने ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ की जिलास्तरीय बैठक साहू समाज भवन दानीटोला धमतरी में आयोजित की गई जिसमें नगरी, कुरूद, मगरलोड ब्लॉक के मूर्तिकार, चित्रकार उपस्थित हुए। बैठक में मूर्तिकला एवं चित्रकला से जुड़े हुए कलाकारों की विभिन्न समस्याओं एवं आर्थिक स्थिति को सुधारने विचार मंथन किया गया। जिला अध्यक्ष राजकुमार सोनवानी ने कहा कि धमतरी जिले में ठेकेदारी प्रथा हावी हो चुकी है। जिसे ब्रश पकड़ना नहीं आता है, उन्हें लाखों रुपये की पेंटिंग एवं मूर्ति बनाने का ठेका शासकीय विभागों से आसानी से मिल जाता है जबकि उस कार्य को ठेकेदार द्वारा स्थानीय कलाकारों से न्यूनतम मजदूरी देकर कराया जाता है। बैठक में सभी ने एकस्वर में ठेकेदारी प्रथा का विरोध करते हुए मूर्तिकला एवं चित्रकला से संबंधित शासकीय कार्य को स्थानीय कलाकारों को ही दिए जाने कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। आगे बताया कि जल्द ही प्रदेश स्तरीय वार्षिक अधिवेशन किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित कर कलाकारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बीरबल साहू, कोषाध्यक्ष खिलेश कुंभकार, सचिव सोहन प्रजापति, संरक्षक रोहित मेश्राम, प्रदेश मीडिया प्रभारी गगन कुंभकार, जिला कार्यकारिणी सदस्य बोधन विश्वकर्मा, धनेश महार, ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह ध्रुव, सत्यनारायण साहू, थानेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# शिव सेवा संकल्प समिति ने की आमातालाब की सफाई



- पर्यावरण का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी : रामचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण, स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण के सामाजिक दायित्व को पूर्ण करते हुए शिव सेवा संकल्प समिति ने नगर के तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया। संस्था के पदाधिकारी, सदस्यों ने पर्यावरण दिवस के दिन शहर के आमातालाब के किनारे फैली गंदगी, प्लास्टिक, कचरे को साफ़ कर स्वच्छता का संदेश दिया। शिव सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष रामचंद देवांगन ने बताया कि पर्यावरण का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है। आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में बढ़ते तापमान को कम करने के लिए कूलर में पानी डालने की बजाय पेड़ पौधों में पानी डालना ज्यादा आवश्यक है। पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त विनय कुमार पोयाम, शिव सेवा संकल्प समिति के सचिव योगेन्द्र साहू, राहुल मेश्राम, मानव यादव, दुर्गेश साहू, इन्द्र कुमार, निखिल, चित्रेश साहू, जानकी गुप्ता, पोषण सिन्हा समेत समाज के गणमान्य नागरिक और शहरवासी शामिल हुए।

# सप्तर्षि ब्राम्हण समाज के रविशंकर अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर के परशुराम नगर स्थित सामाजिक भवन में सप्तर्षि ब्राम्हण समाज का चुनाव हुआ। रविशंकर दुबे खम्हरिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्रीमती हेमलता शर्मा निवासी करहैया को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ललित शर्मा, रेवप्रसाद तिवारी, उत्तम मिश्रा, डॉ. आरएन पचौरी, कृष्णा प्रसाद शर्मा, नागेंद्र शुक्ला, बीरेंद्र मिश्रा, ब्रम्हकेशव पांडे, उदयभानु दीवान, चंद्रहास दुबे, द्वारिका प्रसाद पांडे, विमलेश मिश्रा, खोमन प्रसाद उपाध्याय, राकेश चौबे, भोला प्रसाद शर्मा, चंद्रकांत पांडेय, पवन मिश्रा, आदित्य पांडेय, लक्ष्य तिवारी, प्रेम शंकर पांडेय, राजेन्द्र मिश्रा, गौकर्ण मिश्रा, राजेश तिवारी, अमिता दुबे सहित अनेक मातृशक्तियां एवं सामाजिक जन उपस्थित थे। रविशंकर दुबे को अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर राजेश तिवारी, पीएस रॉय, आईपी पांडेय सहित सामाजिक जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बीजेएस ने किया तालाब पुनर्जीवन कार्य का विस्तार

- जी-जामगांव, मड़ेली के बाद अब कचना और सेहराडबरी तालाब का गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भारतीय जैन संघटना द्वारा छत्तीसगढ़ को सुखा मुक्त बनाने, जल समृद्ध बनाने तथा खेती में हरियाली लाने तालाबों का पुनर्जीवन अभियान प्रारंभ किया है। इस पहल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी फोर्स मोटर्स के चेयरमैन डॉ. अभय फिरोदिया ने ली है।

इस अभियान के तहत सूखाग्रस्त गांव को चिन्हांकित कर तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के ग्राम जी-जामगांव के उल्लाही खार तालाब, मड़ेली के पुरैना तालाब में कार्य पूर्ण करने के बाद ग्राम कचना के जानकी बांध तालाब और ग्राम सेहराडबरी के गौठान तालाब में जल की उपलब्धता व वाटर लेवल बढ़ाने के उद्देश्य से गहरीकरण व स्वच्छता कार्य का शुभारंभ किया गया है। उद्घाटन अवसर पर पुरूषोत्तम चक्रधारी सरपंच, दयाराम साहू, विरेन्द्र सोनवानी, चित्ररेखा चक्रधारी, राजकुमारी बंजारे, तोरण सोनवानी, किशन नेताम सरपंच, हेमंत साहू उप सरपंच, कांति कुंजाम, उषा भारती, अमरबती, नूतन, भूमिका सहित जिला कार्यक्रम समन्वयक डेमन सोनकर उपस्थित थे।


बीजेएस के जिला अध्यक्ष कुशल चोपड़ा व सचिव आकाश कटारिया ने बताया कि हमें जिले में 4 तालाबों के गहरीकरण करने की जिम्मेदारी मिली है।

कलेक्टर नम्रता गांधी, जिला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, बीजेएस के प्रदेश अध्यक्ष मनोज लुंकड़, विजय गंगवाल बीजेएस राज्य सचिव का सतत मार्गदर्शन मिल रहा है। इस कार्य के लिए बीजेएस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल बरडिया, श्रीमती सुर्या लुकड़, श्रीमती राखी राखेचा, श्रीमती बसंती नाहर, संकेत बरडिया, ललित घीया, राहुल बोहरा, विक्की बोहरा व सभी समाजजनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

धमतरी के कलाकारों ने शिमला के रंग महोत्सव में दिखाई प्रतिभा

# नाटक सत्य की खोज को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





ऑल इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन शिमला द्वारा रोहिताश गौड़ भाभी जी घर पर हैं फेम एवं रेखा गौड़ के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय रंग महोत्सव में शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप के कलाकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कलेक्टर नम्रता गांधी के सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर प्रतिभागियों ने कला के साथ-साथ समाज में जन-जागरूकता के उद्देश्य से कार्यक्रम अधिकारी आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा लिखित एवं निर्देशक जन जागरूकता पर आधारित प्रहसन जल बचाओ जीवन बचाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पेड़ एवं पर्यावरण से संबंधित थीम का मंचन किया। डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखित एवं आकाशगिरी गोस्वामी द्वारा निर्देशित नाटक सत्य की खोज का मंचन किया गया।

इस नाटक को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। विद्वान भूरा की भूमिका में आकाशगिरी गोस्वामी को बेस्ट एक्टिंग का कंसोलेशन प्राइस प्राप्त हुआ है। सोहनलाल सिंह को अभिनेता पंडित एवं डिंडोरची की भूमिका में बेस्ट एक्टिंग का कंसोलेशन प्राइज प्राप्त हुआ। विद्वान भूरा की भूमिका में आकाशगिरी गोस्वामी ने आध्यात्मिक कथोप कथन से अपने पात्र को जीवंत किया। आशीष साहू ने अपने आंगिक एवं एवं वाचिक अभिनय से राजा की भूमिका में जान डाल दिया। सोहनलाल साहू ने अभिनेता, पंडित एवं ढिंढोरची तीनों की भूमिकाओं को अलग-अलग अंदाज में अभिनीत किया। गुलशन धुव ने मंत्री की भूमिका को सहजता के साथ निभाया। प्रियांशी मिश्रा तथा वैष्णवी साहू नटी एवं सूत्रधार की भूमिका में नाटक को आगे बढ़ाने में सफल रहे। विराज शाह और डिगेश्वर साहू ने सिपाही की भूमिका, धनलक्ष्मी सुलोदिया, जाहन्वी साहू, भाविका सुलोदिया और कल्पना अग्रवाल दरबारी की भूमिका को निभाने में सफल रहे।

कशिश अग्रवाल ने उद्योगपति, छायाकार और दरबारी की भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर कवि सुरजीत नवदीप, दीपक लखोटिया, कुमेश्वर कुमार, सुनील भट्टाचार्य, पीवी पराडकर, डॉ श्रीदेवी चौबे, डॉ सीएस चौबे, वीरेंद्र साहू, रविकांत गजेंद्र, टीआर नागवंशी, मदन मोहनदास, डुमनलाल ध्रुव, राजकुमार सिन्हा, राजेंद्र सोनी, डॉ. प्रदीप साहू, हरीश देवांगन, प्रशांतगिरी गोस्वामी, वैभव रणसिंह, उमेश सिंह बशिष्ट, पुष्कर चंद्राकर, सोमनाथ साहू, सचिन सोनी, विनोद डिंडोलकर, चंद्रप्रकाश साहू, लोकेश प्रजापति, नवीन जाचक, महेंद्र सोनी, प्रगति पवार, निरंजना पटेल, आंचल अरोरा, उमेश्वरी संभाकर, किरण सोनवानी, अंजुलता पटवा सहित अनेक कलाप्रेमियों ने हर्ष जताया है।

# केंद्रीय टीम ने वनांचल में जल संरक्षण और विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केन्द्रीय टीम के दो सदस्यीय दल ने दूसरे दिन जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री का निरीक्षण किया। इस दौरान शासन की योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री आवास निर्माण, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, कुपोषण, आजीविका के बारे में जानकारी ली। पीपरहीभर्री में किसान द्वारा तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत की। बताया गया कि 17 किसानों को वनाधिकार पट्टा मिला है और मिट्टी का परीक्षण हुआ है। यहां पौधरोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 डबरी, 5 तालाब और 12 नग डाईक बनाए गए हैं। सभी का किसान क्रेडिट कार्ड बना है और भूमि सुधार किया गया है। इसके अलावा बच्चों में कुपोषण दूर करने यहां आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित है। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री जनमन योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन की विभिन्न योजनाओं से कमार हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। यहां 130 बसाहट और 11 सर्कल हैं। इस अवसर पर लता नेताम ने बताया कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटक कर बैठक ली गई। बरनी बाई ने बताया कि उन्होंने अपनी भूमि का समतलीकरण किया है और उनके द्वारा दलहनी फसल ली जाएगी। बीसी सखी संतोषी मरकाम ने बताया कि वे विभिन्न पेंशन, महतारी जतन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के पैसों का लेनदेन करती हैं और नया खाता खोलती हैं। अंजली मण्डावी ने बताया कि वे स्व-सहायता समूह से जुड़कर अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ लाभान्वित कर रही हैं। प्रदान संस्था के बेनीपुरी ने बताया कि गांवों में सामुदायिक वनाधिकार पट्टा प्रदान किया गया है। मटियाबहार के 11 हजार से अधिक हेक्टेयर का वनाधिकार मिला है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के पिछेकट्टा में एक नाबालिग लड़की ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को अपने कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया है। बताया जा रहा है मृतिका ने अपने घर मे ही फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। घटना के दौरान घर पर कोई नही मौजूद नही था। घर आने पर घटना की जानकारी हुई तो तत्काल उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन योग जरूरी

**जगदलपुर ।** 10वें विश्व योग दिवस के पूर्व छत्तीसगढ़ पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रविवार को कर्मचारी एवं अधिकारियों का योग सत्र आरंभ हुआ। प्रातः 5.30 से 8 बजे तक सिरहासार चौक में कर्मचारी एवं अधिकारियों ने योग में भाग लिया तथा कार्यालय, संस्था में तनाव मुक्त कार्य करने योग की क्रियाएं सीखी और जीवन में योग अपनाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने उपस्थित योग साधकों को कहा कि मेरे पिता भी विगत 40-50 वर्षों से योग कर रहे हैं। मैं स्वयं इसके फायदे को प्रत्यक्ष देख रहा हूं। इसलिए योग को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमें कार्यालय में तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 1 घंटे योग करना चाहिए। उन्होंने पतंजलि योग समिति के प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्राही का आभार माना। संभाग प्रभारी कैलाश चौहान ने योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया तथा इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की बात कही और अपने आहार विचार को नियंत्रित करने को कहा। आनंद सिंह परियोजना प्रशासक आदिवासी विकास ने कहा कि मैं कई वर्षों से योग से जुड़ा हूं इससे आप तनाव मुक्त तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। इस दौरान संजय चौहान, प्रमोद पांडे, सुभाष पांडे, जीएल यादव, देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक, मनोज महापात्र, संजय वैष्णव, अनिल प्रसाद गुप्ता, संतोष काची, के. मुरलीधर, जोगेंद्र कश्यप, रामनाथ कश्यप, रविंद्र गुप्ता, टी. वेंकटेश्वर राव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 6 दिन के प्रशिक्षण में 100 शिक्षकों ने जाना बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नीति

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं मातृभाषा में शिक्षा देने बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिए बस्तर जिले के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम विद्यालय भानपुरी में 15 जून से 6 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसमें बस्तर ब्लॉक के 100 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्तर के अनुसार 2026-27 तक लक्षित दक्षता को हासिल करना है। प्रशिक्षण में भाषा को किस प्रकार चार खण्डिय मॉडल मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन एवं लेखन को बच्चों तक किन किन स्टेप को प्रयोग में लाते हुए पहुंचाएं ताकि बच्चें सहज ही भाषा पर अपनी समझ बना सके। इसी प्रकार गणित शिक्षण को भी रुचिकर बनाने के लिए मौखिक गणित, कौशल शिक्षण, अभ्यास एवं खेल-खेल में गणित के माध्यम से बच्चों को दक्ष करने के टिप्स शिक्षकों को दिया गया। प्रशिक्षण में 20 सदी के शिक्षण और 21 सदी के शिक्षण के अंतर स्पष्ट करते हुए शिक्षण में नवाजतन का प्रयोग करते हुए बच्चों को कैसे तैयार करे इसकी जानकारी दी गई।

### मुख्यमंत्री ने समिति के प्रस्ताव को दिया समर्थनह

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तथा सांसद महेश कश्यप के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नगरनार स्टील प्लांट के विषय में समिति की मांगों पर चर्चा हुई। हरि साहू तथा सुब्रतो विश्वास के नेतृत्व में जय झाड़ेश्वर परिवहन सहकारी समिति के अध्यक्ष बनमाली नाग के साथ पहुंचे सदस्यों ने 8 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यानाकृष्ट कराया। जिसमें कहा गया कि एनएमडीसी से निकल रहे माल परिवहन का वर्क आर्डर मिलने से बस्तर के स्थानीय लोग परिवहन का लाभ ले पाएंगे।

लोकल आवक कम होने से दाम बढ़े, ग्राहक हुए मायूस

# तेज गर्मी से झुलसी खेतों में लगी सब्जियां

- **इतवारी बाजार अपडेट :** शिमला मिर्च, धनिया, अदरक 200 रूपये तो करेला 120 रूपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अंचल में इस समय लोग गर्मी के सितम से परेशान हैं। सुबह से ही सूरज की तपिश से लोगों का बुरा हाल है। हीट वेव के कारण हरी सब्जियों का पारा भी चढ़ गया है। लू चलने की वजह से खेतों की सब्जियां झुलस गई हैं। आवक कम होने से बाजार में सब्जियों के दाम आसमान पर है। सब्जी उत्पादक किसान लतेल सोनकर ने बताया कि उनके 10 एकड़ खेत में लगी हरी सब्जियां तेज गर्मी की वजह से झुलस गई। लगातार सिंचाई करने के बाद भी उत्पादन प्रभावित हो गया। मंडी में आवक कम हो गई। मांग ज्यादा होने की वजह से रेट बढ़ गया है। अब बारिश होने के बाद ही फसल की बुआई करेंगे। तब तक बाजार में सब्जी महंगी रहेगी। इधर सब्जियां महंगी होने के कारण लोगों ने दूरियां बनानी शुरू कर दी है। बिक्री कम होने से सब्जी व्यवसायियों को नुकसान हो रहा है।

शहर के इतवारी बाजार में शनिवार की शाम 3 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के दाम आसमान पर होने से उन्हें निराशा हुई। ग्राहकों ने मजबूरी में पावभर ही सब्जी खरीदी। सब्जी व्यवसायी तोरण सोनकर, कुलेश्वर सोनकर ने बताया कि इस सप्ताह शिमला मिर्च, धनिया, अदरक 200 रूपये किलो बिका। मुनगा 150 रूपये किलो रहा। करेला, बरबटी, गोभी, ढेंस 120 रूपये किलो बिका। ग्वारफल्ली, कोचई, टिंडा 80 रूपये किलो रहा। गाजर, कुंदरू, भिंडी, टमाटर, हरी मिर्च, डोड़का, तोराई, परवल, कटहल 60 रूपये किलो बिकी। केला 50 तो भटा, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली, लौकी 40 रूपये किलो रहा। कोई भी सब्जी 40 रूपये से कम नहीं होने के कारण खरीदारी करने आए ग्राहक परेशान नजर आए। इधर महंगाई बढ़ने से सब्जी विक्रेता भी खाली बैठे नजर आए। बिक्री कम होने से सामान बचने की आशंका में लोगों को आवाज देकर बुलाने लगे। उनका कहना है कि रेट बढ़ने से मुनाफा कम हो गया।

#### आलू 35, प्याज 40 में बिका

हरी सब्जियों के साथ-साथ किराना सामानों के दाम में भी इजाफा हो गया है। पिछले सप्ताह 30 रूपये किलो बिकने वाला आलू इस सप्ताह 35 रूपये किलो हो गया। प्याज ने भी 40 रूपये किलो तक छलांग लगा ली है। संभावना बताई जा रही है कि जून माहांत तक प्याज 60 रूपये किलो के आसपास बिकने लगेगा। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि शक्कर 43, गुड़ 50, हल्दी 150-170, मिर्च 210-250, धनिया 100, जीरा 380, काली मिर्च 780, रिफाइंड तेल पाउच सोयाबीन 110, लहसुन 190, सरसों 70, मेथी 85, राहर दाल 160-190, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 120, मटर 100, चनादाल 90 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 70 रूपये दर्जन रहा।

# राजपूत क्षत्रियों ने समाज की एकता पर दिया जोर





- युवक-युवती परिचय सम्मेलन धमतरी में 18 अगस्त को आयोजित करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक इतवारी बाजार धमतरी स्थित राजपूत क्षत्रिय सामुदायिक भवन में हुई। विशिष्ट अतिथि दुर्ग निवासी नवीन राजपूत एवं हनुमान सिंह वर्मा थे। अध्यक्षता यदुनंदन सिंह वर्मा ने की। इस बैठक में राजपूत क्षत्रियों की एकता, अखंडता के लिए तथा वर वधु के विवाह के संबंध में समाजजनों ने अपने-अपने विचार रखे। खेलकूद, प्रतिभा सम्मान, नारी सम्मान, वृक्षारोपण विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। राजपूत क्षत्रिय समाज का युवक- युवती परिचय सम्मेलन धमतरी में 18 अगस्त को किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए 30 जुलाई तक नवीन राजपूत दुर्ग अथवा खुमान सिंह ठाकुर धमतरी के पास पंजीकरण कराना होगा।

बैठक में यदुनंदन सिंह वर्मा, अरुण सिंह, प्रशांतकमल वर्मा, नारायण सिंह ठाकुर, लुडेश्वर सिंह ठाकुर, टिकेश्वर राजपूत, योगेंद्र सिंह, थानसिंह ठाकुर कुरूद, अवधेश प्रताप सिंह, रामभवन सिंह, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, शीला ठाकुर, भारती ठाकुर, ममता ठाकुर, शकुंतला कलचुरी, पूनम ठाकुर, लक्ष्मी वर्मा, निर्मला बांसवाड़ा, अरविंद सिंह, संतोष सिंह, धीरज सिंह, ओंकार सिंह, रोहित सिंह समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

# रचनात्मक गतिविधियों से अवगत हुए विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्रों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास करने मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में समर कैंप लगाया गया। समर कैंप में स्कूल के शिक्षक एवं छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। हेल्दी डाइट, पौष्टिक और सुपाच्य आहार, ई-वेस्ट कूड़े का नियंत्रण, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक का बहिष्कार जैसी गतिविधियों का आयोजन हुआ।

# समर कैम्प में बच्चों ने निबंध चित्रकला, रंगोली, मेहंदी बनाना सीखा

- समाज की प्रगति के लिये शिक्षा, संस्कृति महत्वपूर्ण : डारेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नेताजी सुभाषचन्द्र बोस सांस्कृतिक मंच नवागांव (थूहा) द्वारा समर कैम्प आयोजन किया गया। बच्चों ने निबन्ध, चित्रकला, रंगोली, मेहंदी और कागज से विभिन्न कलाकृतियां बनाना सीखा। कुर्सी दौड़, चम्मच, बांटी दौड़ व माइंड गेम का अयोजन हुआ। सांस्कृतिक और सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। समर कैम्प में 80 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व इनाम प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डारेंद्र साहू नेताजी सुभाष चन्द्र सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिये शिक्षा, संस्कृति महत्वपूर्ण अंग है। इसके बगैर सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन आज हमारा समाज विभिन्न समस्याओं से पीड़ित है। समाज लगातार भयावह स्थिति की ओर जा रहा है। मीडिया, इंटरनेट, टीवी के माध्यम से समाज में अश्लीलता परोसी जा रही है। अंधविश्वास व रूढ़िवादिता बढ़ रही है जिसका असर समाज, घरों पर भी हो रहा है। छात्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक व साहित्यिक चरित्र का निर्माण करने और वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम रखा गया।

मौके पर नारायण साहू, राजेन्द्र साहू शिक्षक, ओंकार साहू, डॉ उमेश साहू, डॉ प्रदीप साहू, काशी भेंसले, श्रीमती चंदलता कोसले, श्रीमती प्रभा साहू शिक्षिका, गिरिजा समेत अन्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम में समिति के इंचार्ज युवराज साहू, सहइंचार्ज खूबलाल साहू, संध्या, वैष्णवी, जागृति, जिया, जितेश, केशव, सुरेश, जितेन्द्र, रिया, फणेश्वर, भूमिकांत, इमीकांत, देवेन्द्र, आकांक्षा, दामिनी, रोशनी का योगदान रहा।

# धमतरी जिले में पासपोर्ट ऑफिस बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का प्रथम नगर आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, उपाध्यक्ष सलज अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी रवि मुंजवानी ने उनका स्वागत किया तथा साथ ही धमतरी जिले में पासपोर्ट ऑफिस बनाने की मांग की।

कहा कि पासपोर्ट बनवाने के लिए व्यापारियों को रायपुर, दुर्ग का चक्कर लगाना पड़ता है। सांसद ने बहुत जल्द छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिखाया दम

- नगर के खिलाड़ी ने तवा फेंक में गोल्ड और गोला फेंक में सिल्वर मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गत दिनों डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम उत्तरप्रदेश अयोध्या में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धमतरी के दिनेश सोनकर ने मेंस कैटेगरी के 55 प्लस आयु में भाग लेकर तवा फेंक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गोला फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। श्री सोनकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, सिल्वर पदक प्राप्त किया।

पदक जीतने पर मास्टर एथलेटिक्स संघ छत्तीसगढ़, दीपक चोपड़ा, राजू भालेकर, अशोक संगम, गौतम चोपड़ा, भूषण शार्दुल, भरत सोनी, दीपक जैन, सुनील लुनावत, भरत साहू, रेमनदास, बाबा, रोमी सावलानी, रेमनदास, संतोष सोनकर, यशवंत सोनकर, रामेश्वर सोनकर, अखिलेश सोनकर, धनेश सोनकर, उमेश ठाकुर आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### योग करने के बताए गए फायदे

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग एवं योगा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। तारिणी साहू बीपीएड छात्रा ने प्रशिक्षार्थियों को फिटनेस, हेल्थ, शारीरिक शिक्षा, योगा एवं व्यायाम करने के फायदे बताए। कार्यशाला का प्रारम्भ नॉर्मल वार्मअप के बाद 100 मी., 200मी., शॉट पुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, चिनअप के साथ हुआ।

# राजयोग से जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने की शक्ति आती है : वार्ष्णेय

- भारत ने योग को देश-विदेश तक पहुंचाया : जाधव
- योगा जीवन जीने का तरीका है : सरिता दीदी
- ब्रम्हाकुमारी संस्थान के राजयोग महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी के तत्वावधान में राजयोग महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि आंजनेय वार्ष्णेय पुलिस अधीक्षक, कृष्ण जाधव वनमंडलाधिकारी, पार्षद राजेन्द्र शर्मा, योगाचार्य विकास कंसारी संचालक योगा विकास फाउंडेशन, राजयोगिनी सरिता दीदी संचालिका थे। राजयोगिनी नवनीता ने राजयोग पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि श्री वार्ष्णेय ने कहा कि राजयोग से जीवन में आने वाली चुनौतियों को पार करने की शक्ति आती है। योगा तनाव को रिलीज करता है। श्री जाधव ने कहा कि इस भारत ने योग को देश-विदेश तक पहुंचाया। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि राजयोग अर्थात आत्मा का परमात्मा से पवित्र मिलन है।

राजयोगिनी सरिता ने कहा कि योगा सिर्फ शरीर का स्वास्थ्य नहीं जीवन जीने का तरीका है। योगा योग शब्द से आता है और योग अर्थात कनेक्शन सम्बन्ध। आत्मा जो थॉट क्रियेट करती है, उसका सबसे पहला असर हमारी भावनाओं पर पड़ता है, फिर शरीर पर। फिर मेरी हर थॉट उन लोगों तक पहुंचती है जिनके लिए वो क्रियेट की गई है, मेरी हर थॉट वातावरण में फ़ैल जाती है। इस योग महोत्सव को पूरे जिले में अलग-अलग दिन 21 जून तक मनाया जायेगा। योगाचार्य विकास कंसारी ने योगा का महत्व बताकर आसन, प्राणायाम कराया। 18 कल महिलाओं के लिए योगा



योग महोत्सव के अंतर्गत 18 जून को महिलाओं के लिए योगा दिवस का प्रोग्राम सिनेट सिटी कॉलोनी रत्नाबंधा रोड में शाम 5 बजे से रखा गया है जिसका विषय महिलाओं के स्वास्थ्य में राजयोग की भूमिका है। मुख्य अतिथि रोमा श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, डॉक्टर नेहा साहू स्त्री रोग विशेषग्य जिला अस्पताल, अंजलि मूलवानी योगा एवं जुम्बा इंस्ट्रक्टर धमतरी, राजयोगिनी सरिता दीदी होंगे। कार्यक्रम का संचालन बीके प्राजक्ता ने किया।

# किसानों को आर्थिक सुदृढ़ करने दिया प्रशिक्षण

**नगरी।** प्रबंध संचालक कृष्ण जाधव के निर्देशन पर कृषि वानिकी योजना अंतर्गत कृषक भूमि पर लघु वनोपज औषधीय प्रजाति रोपण हेतु जिला यूनियन धमतरी की दो दिवसीय प्रशिक्षण सहकार्यशाला दुगली में हुई। उपप्रबंध संचालक एफआर कोसरिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। पीपीटी के माध्यम से पौधरोपण, सर्वे संबंधी प्रपत्र पर प्रेजेंटेशन देकर आं व ला , जामुन, चिरौंजी, महुआ, माहुल, बेला रोपण एवं लाख पालन संबंधी फोटो, वीडियो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उपप्रबंध संचालक गरियाबंद अतुल श्रीवास्तव ने प्रपत्र के संबंध में बताया। उपप्रबंध संचालक आरबी निहलानी रायपुर वृत्त, महासमुंद एआर बंजारे, बलौदाबाजार एके व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

विधायक कबड्डी प्रतियोगिता तथा कबीर जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

# छत्तीसगढ़ के कण-कण में बसी है संत कबीर की वाणी : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्राम कुमारतराई में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी ग्रामीण प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कबड्डी एक प्राचीन खेल है। इसकी शुरुआत कब हुई यह कहना कठिन है। लोगों का यह भी कहना है कि अर्जुन का पुत्र अभिमन्यु सात योद्धाओं से लड़ रहा था जिसे महाभारत में चक्रव्यूह की घटना कहते हैं। यहीं से भी इसकी शुरुआत मानी जाती है। मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, पवन साहू सरपंच, खिलेन्द साहू, दुष्यंत साहू, नोमेश सिन्हा, धर्मेन्द्र पटेल, सुदीप सिन्हा, नमन बंजारे, समिति के अध्यक्ष छत्रपाल साहू, उमाशंकर साहू की उपस्थिति रही। इसके बाद विधायक ग्राम परेवाडीह में संत कबीर जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनियाभर में सबसे ज्यादा साधु-संत भारत देश में अवतरित हुए हैं। साधु-संत समाज की समस्याओं को हल करने वाले होते हैं। अलग-अलग संत के विचार भिन्न हो सकते हैं। आगे कहा कि आज कोई भी व्यक्ति खुश नहीं है। सभी को सुख की तलाश है। लोगों को आज अच्छा भोजन, नए कपड़े और आधुनिक सुख-समृद्धि चाहिए। आज संत कबीर तो नहीं है, लेकिन उनके बताए रास्ते पर चल सकते हैं। संतों के विचारों को अपने जीवन में उतारें और आनंदपूर्वक जीवन व्यतीत करें। विधायक ने झिरिया साहू समाज परेवाडीह में निर्माण कार्य की घोषणा की। इस दौरान श्रीमती टिलेश्वरी साहू सरपंच, धनराज सिन्हा सरपंच नवागांव कण्डेल, पंकज चन्द्राकार, धर्मेन्द्र पटेल, दिनेश साहू, आत्माराम साहू, मंशाराम साहू, मोतीराम साहू, तेजराम साहू, चुनीलाल साहू, बिहारी लाल साहू, शत्रुघ्न साहू, अशोक साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।